आवेदन प्रपत्र मुल्य रू. 500.00

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

# बल्क मिल्क विक्रय हेतु
# ई–निविदा प्रपत्र
# वर्ष 2023–24

**उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन**
**मक्सी रोड़ डेयरी प्लांट, उज्जैन–456001**
E-Mail-Udsmktg7@gmail.com



| महाप्रबंधक | सहायक महाप्रबंधक | प्रभारी | प्रभारी | प्रभारी | प्रभारी | प्रभारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (संयत्र संचालन) | (एमआईएस) | (वित्त) | (गु.नि.) | (विपणन) | (क्षे.सं.) | (उत्पादन) |

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

मक्सी रोड़, पोस्ट बॉक्स नं.106, उज्जैन–456001 (म.प्र.)

दूरभाष – 0734–2527068, फेक्स नं. 2527063


## द्वितीय अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

दुग्ध संघ द्वारा अधोदर्शित विवरण अनुसार बल्क मिल्क प्रोरेटा आधार एक्स डेयरी उज्जैन विक्रय हेतु भारत के सभी स्टेट डेयरी फेडरेशन, सहकारी दुग्ध संघ एवं निजी व्यवसायियों से भाव ऑफर ई–टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता हैं।

| क्र. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | बल्क मिक्स्ड मिल्क 5.5 प्रतिशत फैट एवं 8.5 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर | न्यूनतम 50000 कि.ग्रा. 10 दिवस में। |
| 02 | बल्क स्कीम्ड मिल्क 0.1 प्रतिशत फैट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ | |

बल्क मिल्क प्रोरेटा आधार पर विक्रय मात्रा न्युन्तम 20000 कि.ग्रा. प्रतिदिवस के गुणांक में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 07/09/2023 अपरान्ह 1:00 बजे से दिनांक 13/09/2023 साय 3:00 बजे तक भरे जा सकेगें। ऑनलाइन प्राप्त तकनीकी निविदाओं को दिनांक 14/09/2023 को अपरान्ह 3:00 बजे दुग्ध संघ उज्जैन कार्यालय मे खोले जायेगे। प्रस्तुत ऑफर के साथ बल्क मिल्क प्रोरेटा आधार पर प्रत्येक 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस ऑफर के लिए ई.एम.डी. रूपये 20,000/–(रू. बीस हजार) निर्धारित की गई हैं जिसका केवल ऑनलाइन भुगतान किया जाना है। बल्क मिल्क हेतु 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस से अधिक ऑफर देने पर प्रतिभुति राशि समान अनुपात में बढाई जाकर जमा की जानी होगी। निविदा प्रपत्र वेबसाईट http:// www.mptenders.gov.in से रूपये 500/– का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। किसी भी प्राप्त भाव ऑफर को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। अन्य नियमों एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेबसाइट http://www.sanchidairy.com पर उपलब्ध है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**



| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन) |
|---|---|---|---|---|---|---|

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

## <u>बल्क मिल्क विक्रय हेतु ई–निविदा प्रपत्र</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र विक्रय आरंभ करने की तिथि एवं समय | दिनांक 07/09/2023 अपरान्ह 01:00 बजे |
| 2 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13/09/2023 साय 05:00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14/09/2023 अपरान्ह 3:00 बजे |
| 5 | निविदा के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि | प्रत्येक 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. रू. 20,000/– निर्धारित की गई हैं। बल्क मिल्क प्रोरेटा आधार हेतु 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस से ज्यादा ऑफर देने पर समान अनुपात में ई.एम.डी. बढ़ाई जावे। ई.एम.डी. भुगतान केवल ऑनलाइन किया जाना होगा। |
| 6 | निविदा प्रपत्र का मुल्य | रूपये 500/– (पांच सौ मात्र) |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान एवं पता | उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन |
| 8 | धरोहर राशि (ई.एम.डी.) | (केवल ऑनलाईन प्रेषित कि जावे।) |
| 9 | बल्क मिल्क विक्रय हेतु तकनीकी अर्हताएं एवं सामान्य शर्ते का प्रारूप (प्रपत्र क्र. 1 व 2) | |
| 10 | तकनीकी निविदा प्रारूप (प्रपत्र क्र. 3) | (केवल ऑनलाईन प्रेषित कि जावे।) |
| 11 | वित्तीय निविदा प्रारूप (प्रपत्र क्र. 4) | (केवल ऑनलाईन प्रेषित कि जावे।) |



महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन)

**प्रपत्र क्रमांक 01**

## तकनीकी अहर्ताएं

| क्रमांक | आवश्यक अहर्ताएं | विवरण जानकारी | अनिवार्यतः संलग्न किये जाने वाले स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम व पता (संस्था/फर्म आदि की दशा में पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था पंजीयनकर्ता कार्यालय का पत्र/प्रमाण पत्र । |
| 2 | यदि कोई पार्टनर हो तो उनका नाम व पता। | | पंजीकृत पार्टनरशीप डीड। |
| 3 | आवेदनकर्ता का पेनकार्ड नम्बर होना अनिवार्य है। | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 4 | FSSAI लायसेंस | | FSSAI लायसेंस की छायाप्रति संलग्न करे। |

नोटः–

1. उक्त समस्त दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किये जाने होंगे।

हस्ताक्षर निविदाकार
नाम–
पता–
ईमेल आईडी–
मोबाईल नं.–

शुद्धता का संकल्प

**प्रपत्र 02**

## बल्क मिल्क दर प्रस्तुत करने संबंधी प्रमुख शर्ते

1— भारत की कोई भी संस्था/डेयरी/निजी व्यवसायी दूध क्रय हेतु निविदा आवेदन कर सकता है।

2— यह निविदा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रक्रिया पर आधारित रहेगी तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

3— ऑफर प्रस्तुतकर्ता द्वारा अपने ऑफर में पाश्चुरिकृत बल्क मिल्क न्युन्तम 5.5 प्रतिशत फैट एवं 8.5 प्रतिशत एसएनएफ एवं स्कीम्ड मिल्क 0.1 प्रतिशत फैट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर एक्स डेयरी उज्जैन भाव प्रस्तुत किये जावे। उपलब्धता अनुसार उच्च गुणवत्ता ( फैट/एसएनएफ) का दूध प्रदाय किया जा सकता हैं।

4— मिक्स्ड मिल्क एवं स्कीम्ड मिल्क दरों के अनुमोदन हेतु पृथक पृथक न्युन्तम 3—3 दरें निविदा होना आवश्यक होगा।

5— ऑफर में निविदाकार को बल्क मिल्क कम से कम 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस गुणांक में ऑफर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आर्फर में निविदाकार द्वारा क्रय की जाने वाली मात्रा एवं भाव को अंकों एवं शब्दों मे स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

6— प्रत्येक 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. बल्क मिल्क हेतु रूपये 20,000/— निर्धारित की गई हैं। बल्क मिल्क 50000 कि.ग्रा. प्रति 10 दिवस से ज्यादा ऑफर देने पर समान अनुपात में ई.एम.डी. बढ़ाई जावेगी।

7— ऑफर स्वीकृति होने की दशा में अग्रिम भुगतान करने पर ही टेंकर लोड किया जावेगा। शनिवार, रविवार एवं शासकीय अवकाश/बैंक अवकाश होने की दशा में एक दिवस पूर्व अग्रिम भुगतान करना होगा। अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर ही दूध की प्रदायगी की जावेगी।

8— बल्क दूध एक्स डेयरी उज्जैन से प्राप्त करने हेतु परिवहन, बीमा आदि की व्यवस्था सफल निविदाकार को करना होगी।

9— निविदा में उच्चतम दर प्रस्तुतकर्ता की निविदा दरें स्वीकृति योग्य होने के स्थिति में दुग्ध संघ की लागत एवं लाभ को ध्यान में रखते हुए उच्चतम दर स्वीकृत की जावेगी।

10— मिक्स्ड मिल्क का भाव न्युन्तम 5.5 प्रतिशत फैट एवं 8.5 प्रतिशत एसएनएफ एवं स्कीम्ड मिल्क 0.1 प्रतिशत फैट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ एक्स डेयरी संयंत्र



महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन)

उज्जैन पर प्रोरेटा आधार पर होगा, एवं अन्तर होने पर प्रोरेटा आधार पर राशि की गणना की जावेगी।

11— निविदा स्वीकृत दर तीन माह (1/09/2023 से 30/11/2023) के लिए मान्य हैं तीन माह पश्चात् दुग्ध संघ की दुग्ध समितियों के दूध क्रय दरों के आधार पर विक्रय दर में अनुपातिक परिवर्तन किया जावेगा।

12— चयनित निविदाकार को दुग्ध संघ के उज्जैन संयंत्र से दूध प्राप्त करने के पूर्व स्वयं के स्तर से दूध की गुणवत्ता की जांच करनी होगी। दूध की गुणवत्ता से सन्तुष्ट होने के उपरांत ही चयनित निविदाकार दूध प्राप्त करें, दुग्ध संयंत्र उज्जैन से दूध प्रदाय करने के पश्चात् दूध की गुणवत्ता एवं FSSAI के संबंध में दुग्ध संघ की कोई जवाबदारी नही होगी। दुग्ध संयंत्र उज्जैन गुण नियंत्रण शाखा से प्राप्त गुणवत्ता रिपोर्ट ही मान्य की जावेगी। दुग्ध लोडिंग के पश्चात् सफल निविदाकार द्वारा स्वयं की सील/अन्य व्यवस्था से टेंकर को लॉक करना होगा।

13— किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास सुरक्षित रहेगा।

14— उच्चतम दर निविदाकार H1 को दूध प्रदाय में प्राथमिकता दी जायेगी। दो या दो से अधिक निविदाकारों की उच्चतम दर समान प्राप्त होने पर पंजीकृत सहकारी संस्थाओं को प्राथमिकता दी जावेगी। दूध की उपलब्धता के आधार पर H1 की दर पर अन्य निविदाकारों को भी दूध विक्रय किया जा सकेगा।

15— सफल निविदाकार को दुग्ध संघ में राशि रू. 50,000/— बतौर सुरक्षा निधि जमा करना अनिवार्य होगा। जो कि निविदा अवधि के पश्चात् बिना ब्याज के वापसी योग्य रहेगी।

16— निविदा की अवधि दिनांक 31/03/2024 तक मान्य रहेगी दोनो पक्षों की सहमति से अवधि में छः माह की वृद्धि निविदा/अनुबंध की शर्तो के अधीन की जा सकेगी।

17— सफल निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत मात्रा (10 दिवस के औसत गणना आधार पर) क्रय नही किये जाने पर जमा सुरक्षा निधि राजसात की जावगी। विशेष परस्थितियों में रियायत देने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

18— निविदाकार/फर्म के दुग्ध टेंकर को भारत की किसी भी शासकीय/सहकारी संस्था से काली सूची में दर्ज नही किया गया हो व्यापार के दौरान यदि यह संज्ञान में आता है तब सफल निविदाकार को तत्काल दूध प्रदायगी बंद कर दी जावेगी।



| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन) |
|---|---|---|---|---|---|---|

19– सफल निविदाकार को दुग्ध संघ के अनुशासन अनुसार व्यापार करना होगा। टेंकर कर्मचारी दुग्ध संघ की किसी भी चल/अचल संपत्ति को नुकसान नही करेगा। अन्यथा की स्थिति में सुरक्षा निधि से भरपाई कर ली जावेगी।

20– सफल निविदाकारों को दुग्ध संयंत्र में दुग्ध लोडिंग के पूर्व टेंकर अन्दर व बाहर से स्वच्छ करवाकर ही लोडिंग हेतु लगाना होगा।

21– सफल निविदाकार को राशि रू. 1000/– के नॉनज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर दुग्ध संघ के प्रारूप अनुसार अनुबंध निष्पादित करना होगा।

22– किसी विवादित प्रकरण में अध्यक्ष उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा एवं विवादों की स्थिति में न्यायक्षेत्र सहकारी न्यायालय उज्जैन होगा।

मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्ते पढ़ व समझ ली है तथा मैं/हम सभी शर्तों को मानने के लिए सहज तैयार हुं/है। निविदा में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि मेरे द्वारा निविदा में प्रस्तुत जानकारी कभी भी असत्य प्रमाणित होती है या मैं बिन्दु क्रमांक 01 से 22 तक वर्णित शर्तों को पालन नही करता हूँ, तो मेरी निविदा निरस्त कर मेरी अर्नेस्टमनी/प्रतिभूति राशि राजसात करने का प्रबंधन द्वारा निर्णय लिया जाता है तो मैं इस हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

हस्ताक्षर

**निविदाकार का नाम एवं पता**

सांची Sanchi शुद्धता का संकल्प



| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन) |
|---|---|---|---|---|---|---|

**प्रपत्र– 03**

## तकनीकी निविदा (प्रारूप)

1– फर्म का नाम प्रोप्रायटर का नाम......................................................................

2– फर्म का पूरा पता..........................................................................................

3– फोन नं./मोबाईल नं.......................................................................................

4– ई–मेल आई.डी...............................................................................................

5– FSSAI लायसेंस नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)

6– PAN No. (छायाप्रति संलग्न करें)

7– मुझे/मेरी फर्म/मेरे किसी भी टेंकर को देश के किसी भी शासकीय/सहकारी संस्था द्वारा काली सूची में दर्ज नही किया गया है।

8– निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तो का आवलोकन मेरे द्वारा किया गया हैं जो कि मुझे पूर्णतः मान्य है।

शुद्धता का संकल्प

हस्ताक्षर निविदाकार

नाम–

पता–

ईमेल आईडी–

मोबाईल नं.–



| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन) |
|---|---|---|---|---|---|---|

**प्रपत्र– 04**

# वित्तीय निविदा (प्रारूप)

(केवल ऑनलाईन अपलोड किया जावे)

| क्र. | दूध का प्रकार | क्रय मात्रा प्रति 10 दिवस में न्युनतम कि.ग्रा. | निविदा दर रू./कि.ग्रा. |
|---|---|---|---|
| 1 | मिक्स्ड मिल्क 5.5 प्रतिशत फैट एवं 8.5 प्रतिशत एसएनएफ | 50000 | |
| 2 | स्कीम्ड मिल्क 0.1 प्रतिशत फैट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ | 50000 | |

नोट :–

1. क्र. 01 एवं 02 के लिये पृथक पृथक H1 दरें स्वीकृत की जावेगी।
2. शासन द्वारा प्रदायित दूध में GST लागू होने की स्थिति में GST अतिरिक्त देय होगी।

शुद्धता का संकल्प

हस्ताक्षर निविदाकार

नाम–

पता–

ईमेल आईडी–

मोबाईल नं.–



| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | प्रभारी (वित्त) | प्रभारी (गु.नि.) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (क्षे.सं.) | प्रभारी (उत्पादन) |
|---|---|---|---|---|---|---|